सत्यमेव जयते

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

Towards a new dawn

पंचायती राज

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन,
नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

राष्ट्रीय दिशा-निर्देश ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी)

सितम्बर 2019

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार

राष्ट्रीय दिशा-निर्देश ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी)

सितम्बर 2019

सत्यमेव जयते

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

Towards a new dawn

पंचायती राज

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन,
नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

प्राक्कथन

सितम्बर 2019

ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) की संकल्पना स्वास्थ्य, पूर्व बाल्यावस्था विकास (ई.सी.डी), पोषण तथा स्वच्छता सम्बन्धी सेवाओं में समन्वयन बढ़ाने के लिये की गयी है। यह एक समुदाय स्तरीय रणनीति है जो विभिन्न विभागों को आपसी सहयोग से कार्य करने का अवसर देती है। यह एक सशक्त पहल है जिसमें लाखों परिवारों तक समेकित सेवाएं पहुँचाने और उनके बेहतर स्वास्थ्य में योगदान करने की क्षमता है।

सभी अवगत हैं कि स्वास्थ्य एवं कल्याण के परिणाम स्वास्थ्य क्षेत्र से बाहर अन्य कारकों पर निर्भर करते है। स्थायी विकास लक्ष्य (एस.डी.जी) भी अन्तर विभागीय समन्वय व सहयोग की आवश्यकता पर बल देते हैं। भारत सरकार स्वास्थ्य, पोषण, विकास तथा स्वच्छता के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध है। इन उद्‌देश्यों की प्राप्ति के लिये देशभर में विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये गये है जिनमें आयुष्मान भारत के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों (एच.डब्ल्यू.सी) की स्थापना, पोषण अभियान के तहत जन आन्दोलन द्वारा कुपोषण का उन्मूलन व स्वच्छ भारत अभियान द्वारा ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता के उच्च मानकों को प्राप्त करना सम्मिलित हैं।

यह दिशा निर्देश विभिन्न सहयोगी विभागों के कार्यक्रम प्रबंधकों हेतु एक संदर्भ पुस्तिका है। ये वीएचएसएनडी की आवश्यक प्रक्रियाओं व गतिविधियों के क्रियान्वयन में सहयोगी विभागों के ग्राम स्तरीय कार्यकर्त्ताओं का उचित मार्गदर्शन प्रदान करने में सहायता करेंगे।

ये दिशा निर्देश स्वास्थ्य, पोषण तथा स्वच्छता से सम्बंधित स्थायी विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में अत्यंत उपयोगी होंगे।

प्रीति सूदन
सचिव,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्रालय

रवीन्द्र पँवार
सचिव,
महिला एवं बाल विकास मन्त्रालय

VACCINE
RUSH

योगदानकर्ताओं की सूची

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

- श्री मनोज झालानी, अतिरिक्त सचिव एवं मिशन निदेशक, एन.एच.एम.
- श्रीमती वन्दना गुरनानी, संयुक्त सचिव, (आर.एम.एन.सी.ए.एच़एन)
- डॉ. मनोहर अगनानी, संयुक्त सचिव, (पॉलिसी)
- डॉ. अजय खेड़ा, आयुक्त (एम.सी.एच.)
- डॉ. शीला देब, उपायुक्त, बाल स्वास्थ्य
- डॉ. पी. के. प्रभाकर, उपायुक्त, बाल स्वास्थ्य
- डॉ. एस. के. सिकदर, उपायुक्त, प्रभारी – परिवार नियोजन
- डॉ. दिनेश बासवाल, उपायुक्त, प्रभारी – मातृ स्वास्थ्य
- डॉ. एम. के. अग्रवाल, उपायुक्त, नियमित टीकाकरण
- डॉ. सुमिता घोष, उपायुक्त, मातृ स्वास्थ्य
- डॉ. विशाल कुमार, वरिष्ठ सलाहकार, बाल स्वास्थ्य

एन.एच.एस.आर.सी.

- डॉ. रजनी आर. वेद, कार्यकारी निदेशक, एन.एच.एस.आर.सी

नीति आयोग एवं महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार

- श्री आलोक कुमार, परामर्शदाता (स्वास्थ्य एवं पोषण), नीति आयोग
- कर्नल आदित्य चोपड़ा, कार्यकारी निदेशक, पोषण अभियान, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
- सुश्री मोना यशवन्त जेठवा, सलाहकार – पोषण, बाल विकास एवं स्वास्थ्य सेवाऐं, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

डेवलपमेंट पार्टनर्स

- डॉ. हरीश कुमार, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, USAID-*Vriddhi*/आई.पी.ई. ग्लोबल
- डॉ. गगन गुप्ता, युनिसेफ
- डॉ. गीता वर्मा, प्रोग्राम मैनेजर एवं लीड – नॉलेज मैनेज्मेन्ट, USAID-*Vriddhi*/आई.पी.ई. ग्लोबल

विषय सूची

संक्षिप्त नाम 10

01 | भूमिका एवं उपपत्ति 12
02 | वीएचएसएनडी का उद्देश्य 14
03 | वीएचएसएनडी के घटक 15
04 | वीएचएसएनडी का आयोजन 16
05 | वीएचएसएनडी की गतिविधियाँ 21
06 | वीएचएसएनडी हेतु भूमिकाएँ एवं उत्तरदायित्व 24
07 | प्रतिवेदन, निगरानी एवं समीक्षा 28
08 | वित्तीय प्रावधान 31
09 | परिणाम 32

परिशिष्ट 1: स्वास्थ्य उपकेन्द्रीय मासिक वीएचएसएनडी योजना का प्रारूप 35
परिशिष्ट 2: वीएचएसएनडी हेतु आपूर्तियाँ एवं लॉजिस्टिक्स 36
परिशिष्ट 3: वीएचएसएनडी की गतिविधियाँ 37
परिशिष्ट 4: सामूहिक परामर्श हेतु माहवार विषय 41
परिशिष्ट 5: एमसीपी कार्ड 44
परिशिष्ट 6: लाभार्थी पात्रता 45
परिशिष्ट 7: नियमित टीकाकरण अनुसूची 51
परिशिष्ट 8: बच्चे के खानपान संबंधी अनुशंसा 52
परिशिष्ट 9: एनसीडी की रोकथाम के लिए परामर्श 54
परिशिष्ट 10: वीएचएसएनडी स्थल निगरानी जाँच सूची 55
परिशिष्ट 11: वीएचएसएनडी प्रचालन की प्रक्रिया 59

संक्षिप्त नाम

एसीटी	आर्टेमिसिनिन बेस्ड कम्बीनेशन थेरपी
एईएफआई	एडवर्स इवेन्ट्स फॉलोइंग इम्यूनाइजेशन
एएमबी	एनीमिया मुक्त भारत
एएनसी	एन्टेनेटल केयर
एएनएम	आक्जिलियरी नर्स मिडवाइफरी
आशा	एक्रेडिटेड सोशल हेल्थ एक्टिविस्ट
एडब्ल्यूसी	ऑंगनवाड़ी सेंटर
बीसीजी	बैसिलस कैलमेट–गुएरिन
बीसीएम	ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर
बीएचई	ब्लॉक हेल्थ एजुकेटर
बीएमआई	बॉडी मास इंडेक्स
सीडीपीओ	चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट ऑफिसर
सीएचसी	कम्युनिटी हेल्थ सेंटर
सीओसी	कम्बाइन्ड ओरल कंट्रासेप्टिव
डीओटीएस	डाइरेक्टली ऑब्जर्व्ड ट्रीटमेंट शॉर्ट–कोर्स
डीएचएफडब्ल्यू	डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ एण्ड फैमिली वेलफेयर
डीपीटी	डिप्थीरिया, पेरुत्सिस एण्ड टिटेनस
डीआरडी	डिपार्टमेंट ऑफ रूरल डेवलपमेंट
डीडब्ल्यूसीडी	डिपार्टमेंट ऑफ वीमेन एण्ड चाइल्ड डेवलपमेंट
डीडब्ल्यूएसएम	ड्रिंकिंग वाटर एण्ड सैनिटेशन मिशन
ईएजी	एम्पावर्ड एक्शन ग्रुप
ईसीडी	अर्ली चाइल्डहुड डेवलपमेंट
ईसीपी	इमरजेंसी कंट्रासेप्टिव पिल
एचबी	हीमोग्लोबिन
एचबीएनसी	होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयर
एचबीवाईसी	होम बेस्ट केयर ऑफ यंग चाइल्ड
एचआईवी	ह्यूमन इम्युनो–डेफिशिएंसी वाइरस
एचआरपी	हाई रिस्क प्रेग्नेंसी
एचडब्ल्यूसी	हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर
आईसीडीएस	इंटीग्रेटेड चाइल्ड डेवलपमेंट सर्विसेज
आईडीसीएफ	इंटीग्रेटेड डायरिय कंट्रोल फोर्टनाइट
आईईसी	इन्फॉर्मेशन, एजुकेशन एण्ड कम्युनिकेशन
आईएमएनसीआई	इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट ऑफ नियोनेटल एण्ड चाइल्डहुड इलनेस
आईसीई	इन्फॉर्मेशन, एजुकेशन एण्ड कम्युनिकेशन
आईएफए	आयरन एण्ड फोलिक एसिड
आईपीवी	इंजेक्टेबल पोलियो वैक्सीन
आईयूसीडी	इंट्रायूटेराइन कंट्रासेप्टिव डिवाइस
जेई	जापानीज एंसेफेलाइटिस
जेएसएसके	जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम
एलएचवी	लेडी हेल्थ विजिटर्स
एमएए	मदर्स एब्सॉल्यूट एफेक्शन
एमएएम	मॉडरेट एक्यूट मैलन्यूट्रीशन
एमसीपी	मदर एण्ड चाइल्ड प्रोटेक्शन
एमएलएचपी	मिड–लेवल हेल्थ प्रोवाइडर

एमपीए	मेड्रोक्सीप्रोजेस्टेरोन एसीटेट
एमपीडब्ल्यू	मल्टीपरपज वर्कर – फीमेल
एमआर	मीजल्स रुबेला
एनसीडी	नॉन–कम्युनिकेबल डिजीजेज
एनडीडी	नेशनल डीवर्मिंग डे
एनआईपीआई	नेशनल आयरन प्लस इनिशिएटिव
एनजीओ	नॉन–गवर्नमेंट ऑर्गेनाइजेशन
एनएचसीई	नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थ केयर फॉर एल्डर्ली
एनआरएचएम	नेशनल रूरल हेल्थ मिशन
ओडीएफ	ओपन डीफेकेशन फ्री
ओपीवी	ओरल पोलियो वैक्सीन
ओआरएस	ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्युशन
पीएआईयूसीडी	पोस्ट अबार्शन इन्ट्रायूटेराइन कंट्रासेप्टिव डिवाइस
पीसीवी	न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन
पीएचसी	प्राइमरी हेल्थ सेंटर
पीएमएसएमए	प्रधान मन्त्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
पीपीआईयूसीडी	पोस्टपार्टम इंट्रायूटेरिन कंट्रासेप्टिव डिवाइस
पीआरडी	पंचायती राज डिपार्टमेंट
पीआरआई	पंचायती राज इंस्टीट्यूशन
आरडीडी	रूरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट
आरडीके	रैपिड डायग्नोस्टिक किट
आरबीएसके	राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम
आरकेएसके	राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम
आएनटीसीपी	संशोधित राष्ट्रीय टीबी कंट्रोल प्रोग्राम
आरटीआई	रिप्रोडक्टिव ट्रैक्ट इन्फेक्शन्स
एसएएम	सेवेयर एक्यूट मैलन्यूट्रीशन
एसडीजीस	सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स
एसएचजी	सेल्फ–हेल्प ग्रुप्स
एसटीआई	सेक्सुअली ट्रांसमिटेड इंफेक्शन्स
टीबी	ट्यूबरकुलोसिस
टीडी	टिटेनस एण्ड डिप्थीरिया
टीएफआर	टोटल फर्टिलिटी रेट
यूएचएनडी	अर्बन हेल्थ एण्ड न्यूट्रीशन डे
यूपीएचसी	अर्बन प्राइमरी हेल्थ सेंटर
वीडीआरएल	वेनेरियल डिजीज रिसर्च लैबोरेटरी
वीएचएनसी	विलेज हेल्थ, न्यूट्रीशन एण्ड सैनिटेशन कमेटी
वीएचएनडी	विलेज हेल्थ एण्ड न्यूट्रीशन डे
वीएचएसएनडी	विलेज हेल्थ, सैनिटेशन एण्ड न्यूट्रीशन डे
वीओ	विलेज ऑर्गेनाइजेशन
वीआरएफ	वल्नरेबिलिटी रिडक्शन फण्ड
डब्ल्यूसीडी	वीमेन एण्ड चाइल्ड डेवलपमेंट

01
भूमिका एवं उपपत्ति

ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वीएचएनडी) की संकल्पना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) के तहत की गयी। जिसका क्रियान्वयन विगत 2007 सें देश के समस्त सामुदायिक मंचों से किया जा रहा हैं। यह समुदाय को स्वास्थ्य गतिविधियों जोड़ने वाली कड़ी बन उन तक समन्वित सेवायें पहुॅचाने का ज़रिया है। यह घर –घर तक स्वास्थ्य, प्रारम्भिक शिशु विकास, पोषण एवं स्वच्छता सेवाओं को पहुचाने व अपने बेहतर स्वास्थ्य व कल्याण हेतु सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने का प्रयास है।

एस.डी.जी. के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाते हुए भारत सरकार ने अनेक महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम संचालित किये हैं जो राष्ट्र भर में स्वास्थ्य तथा विकास सम्बन्धी सेवायें उपलब्ध करा रहे हैं। जैसे आयुष्मान भारत के तहत हेल्थ एवं वेलनेस केन्द्रों के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का सशक्तीकरण, पोषण अभियान जो सामुदायिक भागीदारी पर ध्यान केन्द्रित करते हुए बच्चों तथा महिलाओं की पोषण स्थिति को बेहतर करने के उद्देश्य रखता है तथा स्वच्छ भारत मिशन के द्वारा स्वच्छता का विस्तार।

वीएचएनडी इन नीतियों के लिए महत्तवपूर्ण मंच है। ये अनेक नए समुदाय स्तरीय कार्यक्रमों का समन्वयन करता है जैसे घरेलु नवजात शिशु देखभाल (एच.बी.एन.सी.) तथा छोटे शिशुओं हेतु घरेलु देखभाल (एच.बी.वाइ.सी.), प्रसवपूर्व देखभाल सुनिश्चित करने हेतु प्रधानमन्त्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पी.एम.एस.एम.ए.) तथा सभी आयुवर्गों के लिए एनीमिया की रोकथाम हेतु एनीमिया मुक्त भारत (ए.एम.बी.), उच्च जन्मदर जिलों में मिषन परिवार विकास इत्यादि।

इसके अतिरिक्त इसमें कुछ नवीनतम लाभार्थी पात्रताएं भी संयोजित हैं जैसे मातृत्व नकदी लाभ योजना, प्रधानमन्त्री मातृ वन्दना योजना, कुछ नकद लाभ जैसे टीबी के मरीजों हेतु पोषण सहायता, परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति एवं स्वच्छता के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत कम लागत के उत्तम गुणवत्ता वाले शौचालयों का निर्माण शामिल है। साथ ही स्वास्थ्य, पोषण तथा स्वच्छता के लिए समुदाय–आधारित कार्यक्रम में पंचायती राज संस्थान की भागीदारी में भी वृद्धि हुई है।

इन नीति पहल एवं हस्तक्षेपों को पृष्ठभूमि में रखते हुए वीएचएनडी दिशा–निर्देशों (2007) को अद्यतनीकृत किया गया है। ग्रामीण स्वास्थ्य तथा पोषण दिवस को अब से वीएचएसएनडी कहा जायेगा जो इसकी अन्तर–क्षेत्रीय प्रकृति को प्रदर्शित करता है। वीएचएसएनडी दिशा–निर्देशों सम्बंधित विभागों के कार्यक्रम प्रबंधकों को वीएचएसएनडी गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार किया गया हैं।

ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पोषण समिति (वीएचएसएनसी) जागरूकता बढ़ाने हेतु तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक समुदाय की पहुँच बनाने, आशा का सहयोग करने, स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप ग्रामीण स्वास्थ्य योजना विकसित करने और समुदाय को स्वास्थ्य हेतु विशेष रूप से उसके सामाजिक निर्धारकों के लिए कार्यवाही करने को प्रोत्साहित करेगी।

02
वीएचएसएनडी का उद्देश्य

वीएचएसएनडी सभी वर्गों एवं विशेष रूप से सीमान्त एवं संवेदनशील समुदायों को उपचारात्मक सेवाओं के प्रावधान के लिए एक प्लेटफॉर्म का कार्य करता है। वीएचएसएनडी के विशिष्ट लक्ष्य निम्नलिखित हैं:

- सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य, पोषण, प्रारम्भिक शिशु विकास तथा स्वच्छता सेवाओं की उपलब्धता उन्नत करना।
- स्वास्थ्य, प्रारम्भिक शिशु विकास, पोषण तथा स्वच्छता से सम्बन्धित सरकारी योजनाओं एवं पात्रताओं के विषय में सूचना उपलब्ध कराना तथा जागरूकता उत्पन्न करना।
- व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता कार्यों में सुधार हेतु परामर्शन के लिए एक मंच के रूप में कार्य करना।
- संदर्भन सेवाओं अथवा विशिष्ट सहायता की आवश्यकता वाले परिवारों को चिन्हित कर उन्हें संबंधित क्षेत्र के उचित सेवा प्रदाताओं से जोड़ना।

03 वीएचएसएनडी के घटक

वीएचएसएनडी के चार घटक हैं जिनके नाम स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता तथा प्रारम्भिक शिशु विकास (ई.सी.डी.) हैं। स्वास्थ्य घटक में प्रजनन, मातृत्व, नवजात, बाल तथा किशोर स्वास्थ्य, संक्रमणीय रोगों एवं गैर–संक्रमणीय रोगों (एन.सी.डी.) से सम्बन्धित मौलिक स्वास्थ्य सेवाएँ एवं परामर्शन शामिल हैं। पोषण घटक में वृद्धि की निगरानी, स्तनपान एवं पूरक पोषाहार, मातृ पोषण, सूक्ष्म पोषक तत्त्व एवं आहार विविधता सहित शिशु एवं छोटे शिशुओं के पोषण के प्रोत्साहन से सम्बन्धित सेवाएँ एवं परामर्शन शामिल हैं। प्रारम्भिक शिशु विकास में आयु के अनुरूप खेल एवं संचार पर बल दिया जाता है। स्वच्छता घटक का उद्देश्य सफाई, हाथ की स्वच्छता, सुरक्षित पेय जल एवं शौचालयों के उपयोग को प्रोत्साहित करना है।

चित्र 1. वीएचएसएनडी के घटक



वीएचएसएनडी के उपर्युक्त चार घटकों के संगत सेवाएँ प्रदान करने एवं जागरूकता के सृजन हेतु विभिन्न विभागों स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (डी.एच.एफ.डब्ल्यू.), महिला एवं बाल विकास (डी.डब्ल्यू.सी.डी.), समाज कल्याण (डी.एस.डब्ल्यू.), पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास (आर.डी.डी.), पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, एवं वीएचएसएनसी सदस्यों सहित समुदाय स्तरीय हितधारकों, समुदाय आधारित संगठनों (सी.बी.ओ.) एवं अन्य विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों को संयोजित करता है।

04
वीएचएसएनडी का आयोजन

वीएचएसएनडी का आयोजन प्रत्येक गाँव की आँगनवाड़ी केन्द्र में महीने में एक बार किया जाता है (अत्यधिक जनसंख्या वाले गाँवों में स्थानीय आवश्यकता के अनुसार एक से अधिक बार भी आयोजित किया जा सकता है)। इसे शहरी क्षेत्रों में भी आयोजित किया जाना है और इसे नगरीय स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (यूएचएनडी) कहा जायेगा। यह सत्र न्यूनतम चार घण्टों के लिए आयोजित किया जायेगा जिसमें कम से कम एक घण्टा सामूहिक परामर्शन सत्रों के लिए निर्धारित होगा। फ्रन्टलाइन कार्यकर्ता बहुउद्देशीय महिला कार्यकर्ता एमपीडब्ल्यू–फीमेल (ए.एन.एम.), आशा, आँगनवाड़ी सेविका तथा आँगनवाड़ी सहायिका सम्पूर्ण सत्र के दौरान उपस्थित रहेंगे। जहाँ उपलब्धता हो वहाँ एमपीडब्ल्यू-एम भी वीएचएसएनडी में शामिल हो सकते हैं। वे मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों सहित संक्रामक रोगों, गैर संक्रामक रोगों (एन.सी.डी.) के परामर्श के लिए भी उत्तरदायी होंगे। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के समुदाय स्तरीय प्रतिनिधि, मातृ समूहों तथा स्वयं–सहायता समूहों के सदस्य को इस कार्यक्रम में शामिल होना है।

चित्र २. ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस

प्रत्येक माह आँगनवाड़ी केन्द्र में आयोजित सत्र न्यूनतम चार घण्टों के लिए

नगरीय स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (यूएचएनडी) अगर नगरी क्षेत्रों में आयोजित है।

तैयारी सम्बन्धी गतिविधियाँ

वीएचएसएनडी के आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के समुदाय स्तरीय कर्मियों की भागीदारी एवं आपसी समन्वय आवश्यक है। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना की तैयारी, उचित ढ़ांचागत संसाधन एवं अपेक्षित लॉजिस्टिक तथा आयोजन स्थल की व्यवस्था एवं समुदाय की आवश्यकता होती है। वीएचएसएनडी के आयोजन के लिए गतिविधियों की सूची निम्नलिखित है।

कार्ययोजना बनाना

- एमपीडब्ल्यू–फीमेल (ए.एन.एम.) को स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक गाँव का दौरा कर वीएचएसएनडी की कार्ययोजना बनाना व उपकेन्द्र क्षेत्र में प्रत्येक गाँव/आँगनवाड़ी केन्द्र पर वीएचएसएनडी सत्र का आयोजन सुनिश्चित करना चाहिए।
- वीएचएसएनडी कार्ययोजना की तैयारी से पूर्व एमपीडब्ल्यू–फीमेल (ए.एन.एम.) अपने अंचल क्षेत्र में सभी आशा एवं आँगनवाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक करके प्रत्येक गाँव में वीएचएसएनडी के लिए तिथियाँ निर्धारित करेगी। यह बैठक माह में एक बार और मुख्यतः तीसरे सप्ताह में आयोजित की जायेगी। प्रत्येक वीएचएसएनडी हेतु आशा एवं आँगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा तैयार की गयी लाभार्थी सूचियों का मिलान करके प्रत्येक सत्र हेतु एक ही समेकित सूची बनेगी। यह सूची सत्र हेतु आपूर्तियों की गणना तथा लाभार्थियों की प्रेरित करने में प्रयोग में लायी जायेगी। लाभार्थी सूची में गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं, 0–6 वर्ष के बच्चे, टीकाकरण योग्य बच्चे, 0 से 59 माह के अति कुपोषित (एस.ए.एम.) बच्चों सहित 10 से 19 वर्ष के किशोर–किशोरी की सूची शामिल होनी चाहिए। छूटे हुए तथा संदर्भित मामलों पर चर्चा की जायेगी और उनको फौलो अप के लिये सूचीबद्ध किया जायेगा।

मासिक वीएचएसएनडी योजना

- उपर्युक्त सूचना के आधार पर एमपीडब्ल्यू–फीमेल (ए.एन.एम.) अपने अंचल क्षेत्र में परिशिष्ट–1 में संलग्न प्रारूप का प्रयोग करते हुए उपकेन्द्रीय मासिक वीएचएसएनडी योजना तैयार करेगी। योजना में निम्नलिखित का उल्लेख किया जायेगा:
  - सत्र स्थल की सूचना व पहचान चिन्ह तथा सम्बद्ध छोटे गाँव की जानकारी
  - उच्च जोखिम वाले क्षेत्र तथा सेवाओं से वंचित क्षेत्र के समुदाय
  - प्रत्येक गाँव में वीएचएसएनडी सत्र की तिथि
  - प्रत्येक सत्र से सेवा प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की अनुमानित संख्या
  - संदर्भन केन्द्रों का पता तथा सम्पर्क सूचना

संलग्न कार्मिकों के कर्त्तव्य

- एमपीडब्ल्यू–एफ (ए.एन.एम.) सुनिश्चित करेगी कि सभी आशा एवं आँगनवाड़ी सेविकाओं को पहले से ही उनके गाँव में वीएचएसएनडी की तिथि के विषय में सूचना दे दी गयी है।

- आशा तथा आँगनवाड़ी सेविकाएं लाभार्थी घरों को वीएचएसएनडी की तिथि एवं समय के विषय में सूचित करेंगी। वे दुर्गम स्थानों या प्रतिकूल स्थानों के लाभार्थियों तक पहुँचने में वीएचएसएनसी सदस्यों की सहायता करेंगी।
- एमपीडब्ल्यू–एफ (ए.एन.एम.) अपने उपकेन्द्र के सम्बद्ध मासिक वीएचएसएनडी योजना की एक प्रति प्रत्येक माह के अन्तिम दिन स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी तथा निकटम हेल्थ एवं वैलनेस केन्द्र को उपलब्ध करायेगी।
- ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधिकारी (स्वास्थ्य) मासिक वीएचएसएनडी की योजना उपकेन्द्र/हेल्थ एवं वैलनेस केन्द्र, आई.सी.डी.एस के बाल विकास परियोजना अधिकारी (सी.डी.पी.ओ.) एवं अन्य विभागों जैसे ग्रामीण विकास विभाग तथा पंचायती राज विभाग के साथ साझा करेगी। इसका उपयोग प्रत्येक माह पर्यवेक्षण एवं निगरानी योजनाओं की तैयारी के लिए किया जायेगा।
- सम्बंधित विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी सेवा प्रदाताओं जैसे ए.एन.एम., आशा तथा आँगनवाड़ी सेविका की उपस्तिथि की जाँच करेंगे। किसी भी सेवा प्रदाता की अनुपस्थिति के मामले में पर्यवेक्षकों द्वारा अन्य कर्मी को नियुक्त किया जा सकता है और इसकी सूचना अग्रिम रूप से दे दी जायेगी।
- पंचायत तथा वीएचएसएनसी के प्रतिनिधि वीएचएसएनडी के प्रचार–प्रसार में आँगनवाड़ी सेविकाओं तथा आशा की सहायता करेंगे और प्रचार सामग्री को उचित सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित कराएँगे। वे दुर्गम एवं कठिन पहुँच वाले परिवारों तक पहुँचने में तथा वीएचएसएनडी की सामग्री के परिवहन में भी आँगनवाड़ी सेविकाओं तथा आशा की सहायता भी करेंगे।

ढ़ांचागत संसाधन एवं आवश्यक सामग्री की उपलब्धता

- वीएचएसएनडी सत्रः वीएचएसएनडी का आयोजन आँगनवाड़ी केन्द्र या किसी अन्य सरकारी भवन में किया जाना चाहिए जो सबके लिए सुगम स्थान पर हो, और जहाँ विभिन्न गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थान हो। जहाँ तक सम्भव हो वीएचएसएनडी सत्र गाँव में एक निश्चित स्थान पर ही आयोजित हो।
- वीएचएसएनडी स्थल पर निम्नलिखित की उपलब्धता हो:
  - स्वास्थ्य क्षेत्र जहाँ पर्याप्त स्थान हो टीकाकरण गतिविधियों, लाभार्थियों के परीक्षण हेतु निजता का प्रावधान (ए.एन.सी.) एवं स्वास्थ्य जाँच के लिये।
  - पोषण स्थल में वज़न मशीन, इनफेंटो–मीटर तथा स्टेडियो मीटर, वृद्धि चार्ट एवं आकर्षक आईईसी सामग्रियाँ का प्रावधान।
  - प्रारम्भिक शिशु विकास हेतु एक अलग समर्पित स्थान जो छोटे बच्चों के लिए संरक्षित एवं सुरक्षित हो। इस क्षेत्र में प्रारम्भिक शिशु विकास (ई.सी.डी.) को प्रोत्साहित करने के लिए खेल सम्बन्धी गतिविधियों का प्रावधान होना चाहिए।
  - सामूहिक परामर्श क्षेत्र–लाभार्थियों के बैठने की व्यवस्था एवं प्रचार सामग्री के प्रदर्शन हेतु प्रावधान, मासिक परामर्श विषय के अनुसार आई.ई.सी सामग्रियों की उपलब्ध्ता होनी चाहिए।
- स्थल पर पर्याप्त सुरक्षित पेय जल एवं शौचालय सुविधाओं की उपलब्धता होनी चाहिए।

- वीएचएसएनडी स्थल साफ़ रखना चाहिए और आशा तथा आँगनवाड़ी सेविकाओं को सुनिश्चित करना चाहिए कि स्थल पर पर्याप्त आपूर्ति तथा उपकरण क्रियाशील अवस्था में उपलब्ध हों।
- वीएचएसएनडी स्थल पर कुर्सी, मेज़, परीक्षण मेज़, निजता के लिए पर्दा अथवा स्क्रीन आदि सहित आवश्यक फ़र्नीचर होने चाहिए।
- औषधियाँ एवं आपूर्तियाँ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होनी चाहिए। वीएचएसएनडी पर गतिविधियों एवं सेवाओं के लिए समस्त आवश्यक उपकरण कार्यशील अवस्था में उपलब्ध होने चाहिए। आपूर्तियों तथा लॉजिस्टिक की सूची परिशिष्ट 2 में संलग्न हैं।
- ए.एन.एम. का कार्य है कि वे पी.एच.सी. से वांछित आपूर्ति की माँग करें, आँगनवाड़ी सेविका से समन्वय कर आई.सी.डी.एस. आपूर्तियाँ सुनिश्चित करवायें जैसे कार्यरत वजन मशीन, वृद्धि चार्ट, पोषण तथा प्रारंभिक शिशु विकास (ई.सी.डी.) आदि पर आईईसी सामग्रियों आदि।
- पंचायत तथा वीएचएसएनसी के प्रतिनिधि साइट पर अपेक्षित सुविधाएँ, फर्नीचर एवं गैर–स्वास्थ्य अथवा पोषण आपूर्तियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संसाधन उपलब्ध करवाएँगे।

अन्य क्षेत्रों की भागीदारी

- आशा तथा आँगनवाड़ी सेविकाओं को अन्य प्रभावशाली हितधारकों जैसे पंचायत के प्रतिनिधियों, वीएचएसएनसी सदस्यों एवं स्वयं सहायता समूहों को सूचित करना चाहिए ताकि वे गतिविधियों की निगरानी करने में और लोगों को प्रोत्साहित करने में सक्रिय रूप से सहयोग दे सकें।
- अन्य विभागों जैसे ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज के समुदाय स्तरीय कार्यकर्ताओं को अग्रिम रूप से सूचित कर देना चाहिए ताकि वे वीएचएसएनडी में भाग ले सकें।

ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पोशण दिवस का प्रचार

- वीएचएसएनडी की तिथि एवं समय तथा प्रदाताओं के नाम आँगनवाड़ी केन्द्र तथा उपकेन्द्र की दीवारों एवं अन्य महत्त्वपूर्ण स्थलों जैसे पंचायत भवन, चौपाल, धार्मिक स्थानों, स्कूल की दीवारों आदि पर प्रदर्शित करना चाहिए। दीवारों पर पेंटिंग स्थानीय भाषा में की जा सकती है जिसमें आँगनवाड़ी केन्द्र में आँगनवाड़ी सेविका एवं गाँव के अन्य स्थानों पर आशा द्वारा प्रति माह तिथि का अद्यतनीकरण करने का प्रावधान हो।
- जन सूचना के लिए वीएचएसएनडी के दौरान होने वाली गतिविधियों की सूची आँगनवाड़ी केन्द्र (वीएचएसएनडी) स्थल तथा उपकेन्द्र पर प्रदर्शित की जानी चाहिए।
- आशा तथा आँगनवाड़ी सेविकाओं को सेवाओं, तिथि, समय एवं वीएचएसएनडी के स्थान के विषय में लाभार्थियों को सूचित करना चाहिए तथा उन्हें एम.सी.पी. कार्ड साथ लाना याद कराना चाहिए।
- परामर्श सत्रों हेतु लक्षित समूह को आशा तथा आँगनवाड़ी सेविका द्वारा संयुक्त रूप से सूचित किया जाना चाहिए।

ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पोषण दिवस का संचालन

- ए.एन.एम., आँगनवाड़ी सेविका तथा आशा सुनिश्चित करेंगे कि आँगनवाड़ी केन्द्र/वीएचएसएनडी स्थल निर्धारित समय पर खुला है।
- स्वास्थ्य क्षेत्र, पोषण क्षेत्र, ई.सी.डी. केन्द्र तथा सामूहिक परामर्शन केन्द्र में अपेक्षित औषधियों, लॉजिस्टिक, आपूर्तियों, सामग्रियों तथा आईईसी सामग्रियों की व्यवस्था होनी चाहिए। सेवाओं की सामान्य सूची स्थल पर उपलब्ध होनी चाहिए।
- आशा को जाँच करनी चाहिए कि चिन्हित लाभार्थी वीएचएसएनडी में शामिल हो रहे हैं।
- सेवाओं की उपलब्धता तथा प्रलेखन एमपीडब्ल्यू–एफ ए.एन.एम. एवं आँगनवाड़ी सेविका द्वारा की जानी चाहिए। एम.सी.पी. कार्ड में सूचीबद्ध सेवाएँ कार्ड पर रिकार्ड की जाती हैं। यदि कोई अतिरिक्त सेवा दी गयी है तो उसका भी रिकार्ड रखना चाहिए। वीएचएसएनडी की गतिविधियाँ परिशिष्ट 3 में दी गयी हैं।
- महिला पर्यवेक्षक, लेडी हेल्थ विज़िटर, आशा अनुदेशक तथा मध्यस्तरीय सेवा प्रदाता (हेल्थ एवं वेलनेस क्लीनिक) परिशिष्ट 10 में संलग्न निगरानी जाँचसूची का उपयोग करते हुए सहायक पर्यवेक्षण तथा वीएचएसएनडी की निगरानी करेंगी।

ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पोशण दिवस के पश्चात की गतिविधियाँ

- एम.पी.डब्ल्यू.–एफ, (ए.एन.एम.), आँगनवाड़ी सेविका एवं आशा वीएचएसएनडी में उपस्थित एवं अनुपस्थित लाभार्थियों का मिलान करें, फौलो अप के लिए परिवारों को सूचीबद्ध करें। उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं (एच.आर.पी.), अति कुपोषित (एस.ए.एम.) बच्चों तथा संदर्भन की आवश्यकता वाले लाभार्थी की सूची तैयार करें और उनका फॉलो अप करें। यदि कोइ संदर्भन किया गया है तो तीनों सेवा प्रदाता इसको सूचीबद्ध करें।
- वीएचएसएनडी के दौरान प्रदान की गयी सेवाओं का प्रतिवेदन एम.पी.डब्ल्यू–एफ (ए.एन.एम.) एवं आँगनवाड़ी सेविका द्वारा क्रमशः ब्लॉक/पी.एच.सी चिकित्सा अधिकारी (बी.एम.ओ.) एवं सीडीपीओ के पास भेजें।
- आशा एवं आँगनवाड़ी सेविका ऐसे घरों का भ्रमण आवश्य करें जहाँ नवज़ात शिशु देखभाल, स्तनपान, शिशु पोषाहार एवं गर्भावस्था सम्बंधी योग्य लाभार्थी हो। अनुपस्थित लाभार्थियों से सम्पर्क करके उन्हें अगले वीएचएसएनडी सत्र में शामिल होने का आग्रह।
- जिला एवं ब्लॉक/पीएचसी अपनी मासिक बैठकों में महीने के दौरान आयोजित वीएचएसएनडी की परिचर्चा करेंगे। निगरानी जाँचसूची से प्राप्त सूचना पर चर्चा तथा आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

05 वीएचएसएनडी की गतिविधियाँ

वीएचएसएनडी परामर्शन एवं व्यवहार परिवर्तन हेतु जागरूकता उत्पन्न करने के लिए एक मंच होने के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओ के तहत टीकाकरण, प्रसवपूर्व देखभाल, पोषण, वृद्धि निगरानी एवं प्रारम्भिक शिशु विकास सम्बंधी सेवाएँ प्रदान करने का अवसर हैं।

वीएचएसएनडी गतिविधियाँ चार घटकों के अनुसार आयोजित की गयी हैं। वीएचएसएनडी के दौरान होने वाली गतिविधियों का विवरण परिशिष्ट 3 में संलग्न है। ये गतिविधियाँ सूचक हैं, राज्य उन्हें स्थानीय आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं के अनुसार स्वीकार कर सकते हैं।

ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पोषण दिवस पर देय सेवाएँ: वीएचएसएनडी में देय सेवाओं को नीचे तालिका 1 में सूचीबद्ध किया गया है। अन्तर्वैयक्तिक परामर्शन स्वास्थ्य सेवा का एक अभिन्न अंग होगा।

तालिका 1.वीएचएसएनडी में देय सेवाएँ

सेवाएँ	कार्यवाहियाँ
प्रसव पूर्व देखभाल	• सभी गर्भवती महिलाओं को पंजीकृत करना। • पंजीकृत महिलाओं को ए.एन.सी. सेवा देना। • एएनसी से वंचित या छूटी हुई गर्भवती महिलाओं की निगरानी करें तथा सेवाएँ दें।
टीकाकरण	• सभी योग्य बच्चों को टीकाकरण कार्यक्रम के अनुसार टीके लगायें। • सभी छूटे हुए बच्वें जिन्हें कार्यक्रम के अनुसार टीके नहीं मिलें हो उनका टीकाकरण करें। • पाँच से कम आयु के बच्चों को विटामिन ए की खुराक दें।
पोषण	• छः वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों का प्रत्येक माह वज़न करें तथा प्रत्येक तिमाही में उनकी लम्बाई का मापन करें और आँकड़ों को सी.ए.एस. एप्लीकेशन में प्रविष्ट करें साथ ही आँगनवाड़ी सेविका एम.सी.पी. कार्ड पर दर्ज करें। • कम वज़न वाले तथा कमज़ोर बच्चों को चिन्हित कर उचित प्रबंधन करें। चिन्हित अति कुपोषित बच्चों में चिकित्सकीय जटिलता वाले बच्चों को पोषण पुर्नवास केन्द्र (एन.आर.सी.) अथवा पीडियाट्रिक देखभाल के लिए सन्दर्भित करें। • छः वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को पूरक पोषाहार उपलब्ध कराना करायें।
परिवार नियोजन	• सभी योग्य दम्पतियों को उनकी इच्छानुसार कंट्रासेप्टिव (गर्भ निरोधक) कंडोम, कम्बाइन्ड ओरल कंट्रासेप्टिव (सी.ओ.सी.), सेंटक्रोमैन (छाया), इमरजेंसी कंट्रासेप्टिव पिल्स (ई.सी.पी.) दें।
एचबीवी, सिफलिस एवं एचआईवी	• गोपनीयता सुनिश्चित करते हुए स्क्रीनिंग एवं सन्दर्भन (रेफरल)

अन्तर्वैयक्तिक परामर्शनः गर्भवती महिलाओं, किशोर–किशोरी तथा बच्चों के देखभाल कर्ता सहित सभी लाभार्थियों को प्रदत्त सेवाओं से सम्बन्धित मुद्दों पर परामर्श दें, परिचर्चा के विषयों का विवरण परिशिष्ट 4 में दिया गया है।

एम.सी.पी. कार्ड वीएचएसएनडी के दौरान परामर्शन तथा रिकार्ड रखने के लिए प्रयोग में लाया जाने वाला एक महत्त्वपूर्ण दस्तावेज़ है। इस कार्ड का उपयोग प्रदत्त सेवाओं का रिकार्ड रखने तथा लाभार्थियों के परामर्श हेतु किया जाता है। एम.सी.पी. कार्ड के महत्त्व के विषय में सभी लाभार्थियों को अवगत कराना चाहिए वह इसे संभाल के रखे और जब भी वीएचएसएनडी स्थल पर आयें तो कार्ड साथ में ले कर आयें (परिशिष्ट 5)। लाभार्थियों को उचित समय पर उचित सन्देश उपलब्ध कराने के लिए सी.ए.एस. एवं अनमोल एप का भी उपयोग कर सकते हैं।

सामूहिक परामर्शन एवं जागरूकता उत्पन्न करनाः सामूहिक परामर्श लाभार्थियों को वीएचएसएनडी सेवाओं तथा अन्तर्वैयक्तिक परामर्श के अतिरिक्त प्रदान करनी हैं। वीएचएसएनडी सेवाओं का पूर्ण पैकेज प्रत्येक माह उपलब्ध कराया जाना है। केवल सामूहिक परामर्श हेतु माहवार कैलेण्डर तैयार किया गया है। माहवार कैलेण्डर पोषण अभियान के व्यवहार परिवर्तन संचार (बी.सी.सी.) कैलेण्डर के अनुरूप हैं। परिशिष्ट 4 में संलग्न माहवार कैलेण्डर का उपयोग सामूहिक परामर्श सत्र की योजना तथा संचालन हेतु फ्रन्ट लाईन कार्यकर्ताओं (ए.एल.डब्ल्यू.) द्वारा किया जायेगा।

- सामूहिक परामर्श सत्र का समय प्राथमिक लक्षित समूह की उपलब्धता को ध्यान में रखकर निर्धारित किया जायेगा। आँगनवाड़ी सेविका तथा आशा तदनुसार लक्षित लाभार्थियों को सूचित करेंगे।
- एम.पी.डब्ल्यू.–एफ (ए.एन.एम.) सत्र के प्रमुख सन्देशों को ध्यान में रखते हुए मासिक परामर्श विषय की परिचर्चा आँगनवाड़ी सेविका एवं आशा के साथ करेंगे।
- सामूहिक परामर्श सत्र को चित्रात्मक आई.ई.सी एवं प्रदर्शनों जैसे हाथ धोना, आयोडीन युक्त नमक की जाँच, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पोष्टिक भोजन का प्रदर्शन एवं परिचर्चा, पूरक पोषाहार तैयार कर शिशु को खिलाकर दिखाना, प्रारम्भिक शिशु विकास आदि के लिए स्थानीय स्तर पर तैयार किये गये खिलौनों की उपयोगिता पर चर्चा करके उन्हें अन्तर्क्रियात्मक व रोचक बनाया जा सकता है।
- मासिक विषय का प्रचार वीएचएसएनडी के पूर्व ही विषय से सम्बन्धित पोस्टर लगाकर, दीवारों पर लिखकर, पैम्फलेट आदि आँगनवाड़ी केन्द्र तथा गाँव के अन्य महत्तवपूर्ण स्थानों पर लगाकर प्रारम्भ किया जा सकता है।

तालिका 2 में पोषण अभियान के अनुसार परामर्श हेतु माहवार विषय का विवरण परिशिष्ट 4 में उपलब्ध है।

तालिका २. पोषण अभियान के अनुरूप वीएचएसएनडी के माहवार परामर्शन विषय

माह	विषय
जनवरी	पूर्ण टीकाकरण तथा विटामिन ए सम्पूरण
फरवरी	खाद्य पदार्थों का फोर्टिफिकेशन, सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपयोगिता, कृमी नाशी गोलियों का सेवन
मार्च	बालिकाओं हेतु शिक्षा, आहार एवं विवाह की उचित आयु
अप्रैल	प्रसव पूर्व जाँच, कैल्शियम सम्पूरण, गर्भवती महिला का आहार, संस्थागत प्रसव तथा शीघ्र स्तनपान प्रारम्भ
मई	प्रारम्भिक बाल्यावस्था की देखभाल एवं शिक्षा
जून	डायरिया की रोकथाम एवं प्रबन्धन, आहार
जुलाई	परिवार नियोजन एवं एन.सी.डी., एनीमिया की रोकथाम – बच्चों, किशोरियों, महिलाओं हेतु आहार, आई.एफ.ए.।
अगस्त	उचित स्तनपान, शिशु एवं बच्चों का खानपान, कृमी नाशी गोलियों का सेवन
सितम्बर	पोषण माह सहित घरेलू किचन गार्डन को प्रोत्साहन
अक्टूबर	स्वच्छता, सफ़ाई एवं सुरक्षित पेय जल
नवम्बर	वृद्धि की निगरानी तथा बाल विकास, गंभीर श्वसन संक्रमण (ए.आर.आई.) तथा न्यूमोनिया की रोकथाम व परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी
दिसम्बर	उचित पूरक आहार

राज्य तथा जिला पर्यवेक्षक स्थानीय आवश्यकताओं तथा प्राथमिकताओं के अनुसार मासिक परामर्श के विषय में परिवर्तन कर सकते हैं।

लाभार्थी पात्रता: उपर्युक्त विषयों पर सामूहिक परामर्श के अतिरिक्त एन.एच.एम. के तहत लाभार्थी पात्रताएँ परिशिष्ट 6 में संलग्न हैं।

06
वीएचएसएनडी हेतु भूमिकाएँ तथा उत्तरदायित्व

समुदाय स्तरीय कार्यकर्ता: एम.पी.डब्ल्यू.–एफ (ए.एन.एम.), आशा, आँगनवाड़ी सेविका एवं सहायिका तथा पंचायती राज के ग्राम स्तरीय प्रतिनिधि वीएचएसएनडी के आयोजन के प्रमुख कार्मिक हैं और आयोजन की सफलता उनके बीच समन्वय तथा सहयोग पर निर्भर करती है।

नीचे दी गयी तालिका में विभिन्न समुदाय स्तरीय कार्यकर्ताओं की भूमिकाओं तथा उत्तरदायित्व का उल्लेख किया गया है।

तालिका ३. समुदाय स्तरीय कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा उत्तरदायित्व

	आशा	आँगनवाड़ी सेविका	एम.पी.डब्ल्यू.–एफ (ए.एन.एम.)	पी.आर.आई. प्रतिनिधि
वीएचएसएनडी से पूर्व	• आँगनवाड़ी सेविका के साथ लाभार्थी एवं योग्य दम्पतियों की सूची का मिलान करें। • लाभार्थी सूची तैयार करें। • दूरस्थ, दुर्गम व सीमान्त परिवारों को विशेष रूप से वीएचएसएनडी सेवाओं हेतु प्रेरित करें।	• गर्भवती महिलाएँ, नवविवाहित दम्पति, टीकाकरण योग्य बच्चों, कुपोषित बच्चों, स्कूल न जाने वाली किशोरियों (10–19) की सूची बनाएँ एवं इसे आशा के साथ साझा करें। • वीएचएसएनडी स्थल को स्वच्छ रखें, पानी तथा शौचालय की व्यवस्था हो तथा ए.एन.सी. के लिए निजता का स्थान हो। • वृद्धि निगरानी के रिकार्ड पहले से तैयार करके रखें।	• वीएचएसएनडी मासिक सत्र योजना तैयार करें। • परिशिष्ट 2 में सूचीबद्ध आपूर्तियों, औषधियों, टीकों, गर्भनिरोधक, उपकरण तथा अन्य सामग्रियों की व्यवस्था सुनिश्चित करें।	• वीएचएसएनडी में सहयोग तथा भागीदारी के लिए सामुदायिक नेताओं तथा स्वयं सहायता समूह (एस.एच.जी.) को प्रोत्साहित तथा प्रेरित करें।

	आशा	आँगनवाड़ी सेविका	एम.पी.डब्ल्यू.–एफ (ए.एन.एम.)	पी.आर.आई. प्रतिनिधि
वीएचएसएनडी के दौरान	• सुनिश्चित करें कि चिन्हित लाभार्थियों ने वीएचएसएनडी में भाग लिया। • सुनिश्चित करें कि कुपोषित/विकास अवरूद्ध बच्चों वाले परिवारों ने एम.पी. डब्ल्यू.–एफ (ए.एन. एम.) से परामर्श हेतु आये।	• एम.सी.पी. कार्ड की पर्याप्त संख्या रखें • शिशुओं, बच्चों तथा वयस्कों हेतु वज़न मशीन एवं इन्फैंटोमीटर, स्टेडियोमीटर की उपलब्धता सुनिश्चित करें। • वृद्धि अवरुद्ध बच्चों/ कुपोषित बच्चों का वैयक्तिक परामर्श (आई.पी.सी.) करें। • अत्यधिक कुपोषित (एस.ए.एम.) बच्चों को एम.पी.डब्ल्यू.–एफ (ए.एन.एम.) के पास सन्दर्भित करें। • प्रारम्भिक बाल विकास (ई.सी.डी.) केन्द्र की तैयारी तथा प्रबन्धन करें।	• ए.एन.सी., टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवाएँ, किशोर स्वास्थ्य सेवाएँ, सी.डी. एवं एन.सी. डी. रोकथाम व परामर्श सेवाएँ उपलब्ध करायें। • समस्त दी गई सेवाओं का प्रलेखन करें। • एम.पी.डब्ल्यू.–एम वीएचएसएनडी के आयोजन हेतु पी.आर. आई. सदस्यों के साथ समन्वय के अतिरिक्त संक्रमणीय रोगों की रोकथाम, जल परीक्षण तथा आयोडीन नमक के सैम्पल के परीक्षण आदि के परामर्श में सहायता करेंगे।	• वीएचएसएनडी स्थल की समीक्षा करें एवं आवश्यकतानुसार कठिनाइयाँ दूर करें। • वीएचएसएनडी स्थल पर स्वच्छ पेय जल, शौचालय तथा सुविधाजनक पहुँचने के मार्ग की उपलब्धता सुनिश्चित करें। • स्वच्छता तथा अन्य पात्रता उपलब्ध कराने में सहायता करें।
एम.पी.डब्ल्यू.–एफ (ए.एन.एम.), आशा एवं आँगनवाड़ी सेविका संयुक्त रूप से पोषण तथा स्वास्थ्य शिक्षा उपलब्ध करायेंगे और मासिक योजना के अनुसार सामूहिक परामर्श सत्र संचालित करेंगे				
वीएचएसएनडी के पश्चात	• छूटे हुए लाभार्थियों तथा संदर्भन हेतु उच्च जोखिम गर्भवतियों की नियमित निगरानी करें। • अगले वीएचएसएनडी हेतु समीक्षा एवं योजना के लिए पी. आर.आई. के साथ वीएचएसएनडी की बैठक का आयोजन।	• आँगनवाड़ी सेविका अपने पर्यवेक्षक को रिपोर्ट करेगी।	• पी.एच.सी./ब्लॉक के प्रभारी एम.ओ. को वीएचएसएनडी की रिपोर्ट भेजें। • सुनिश्चित करें कि निम्नलिखित को वैकल्पिक टीका वितरण के माध्यम से उपयोग पश्चात ब्लॉक पी.एच.सी. को भेज दिया गया हैः– • टीकाकरण के अपशिष्ट (प्रयुक्त शीशी तथा सिरिंज) • पुनः प्रयोग लायक टीकों को उचित शीत शृंखला में वापस भेज देना चाहिए।	• स्वच्छता तथा पेय जल हेतु सामुदायिक माँग की निगरानी रखना। • आवश्यक देखभाल की सुविधा एवं संदर्भित सेवाओं की निगरानी रखना।

ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पोषण समितियों (वीएचएसएनसी) की भूमिकाः वीएचएसएनसी का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समुदाय तक इनकी पहुँच बनाना। वीएचएसएनडी के प्रति उनकी भूमिका में निम्नलिखित शामिल हैं–विशेष रूप से सीमान्त परिवारों की गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों को सत्र स्थल आने के लिए प्रेरित करना, वीएचएसएनडी सत्रों के आयोजन तथा वीएचएसएनडी के संचालन में ए.एन.एम., आँगनवाड़ी सेविका और आशा की सहायता करना, वीएचएसएनडी स्थल पर आवश्यक संसाधनों व सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने में सहायता करना, आवश्यकतानुसार संदर्भन हेतु परिवहन व्यवस्था में मदद करना, वीएचएसएनसी के सदस्य दुर्गम स्थानों तथा परिवारों तक पहुँचने में सेवा प्रदाताओं का सहयोग करें और वांछित सेवाओं हेतु इन परिवारों के लाभार्थियों को प्रेरित करने में सहायता करे। स्वास्थ्य, पोषण तथा स्वच्छता सेवाओं तक पहुँच बनाने के लिए समुदाय की कठिनाइयों व बाधाओं को चिन्हित कर परिचर्चाओं तथा बैठकों के माध्यम से स्थानीय समाधान ढूँढना चाहिए। वीएचएसएनडी की कमियों व चुनौतियों के विषय में वीएचएसएनसी बैठकों में चर्चा करनी चाहिए तथा स्थिति के सुधार के लिए उचित कार्यवाहियों की निगरानी करनी चाहिए।

विभिन्न विभागों की भूमिकाः एक ओर जहाँ वीएचएसएनडी गतिविधियों का आयोजन समुदाय स्तरीय फ्रंटलाईन कार्यकर्ता एमपीडब्ल्यू–एफ (ए.एन.एम.), आशा, आँगनवाड़ी सेविकाओं तथा आँगनवाड़ी सहायकों द्वारा किया जायेगा वहीं वीएचएसएनडी के प्रभावी क्रियान्वयन में ब्लॉक, जिले तथा राज्य के सम्बद्ध अधिकारियों की भूमिका भी महत्त्वपूर्ण है।

तालिका ४. विभिन्न विभागों की भूमिकाओं का सारांश

विभाग एवं पदाधिकारी	भूमिका तथा उत्तरदायित्व
राज्य स्तरीय	
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (डी.एच.एफ.डब्ल्यू.) महिला एवं बाल विकास विभाग (डी.डब्ल्यू.सी.डी.) समाज कल्याण विभाग (डी.एस.डब्ल्यू.) पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (डी.डब्ल्यू.एस.एम.) पंचायती राज विभाग (पी.आर.डी.) ग्रामीण विकास विभाग (आर.डी.डी.)	• ग्रामीण स्तर पर सम्मिलन व समन्वय सशक्त करने के लिए संयुक्त संचार निर्गत करेगें तथा वीएचएसएनडी में भागीदारी सुनिश्चित करेगें। • समयबद्ध समीक्षा/निगरानी करेगें और क्षेत्रीय पदाधिकारियों को सहयोगी पर्यवेक्षण उपलब्ध करायेगा। • औषधियों, उपकरणों तथा अन्य संसाधनों की उपलब्धी का अनुश्रवण करेगें।

जिला स्तरीय	
सिविल सर्जन/मुख्य चिकित्सा अधिकारी (स्वास्थ्य विभाग) जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास विभाग) जिला कार्यक्रम अधिकारी (समाज कल्याण विभाग) जिला परिषद सदस्य (पंचायती राज) जिले के पदाधिकारी (ग्रामीण विकास विभाग)	• वीएचएसएनडी की कार्य योजना तथा क्रियान्वयन हेतु फ्रन्टलाइन कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण/अभिमुखीकरण सुनिश्चित कराना। • स्वास्थ्य, आई.सी.डी.एस., समाज कल्याण, एस.एच.जी. आदि के नवीनतम कार्यक्रमों पर फ्रंटलाईन कार्यकर्ताओं का अभिमुखीकरण सुनिश्चित कराना। • फ्रंटलाईन कार्यकर्ताओं को उनके सम्बद्ध कार्यक्रमों एवं योजनाओं हेतु उचित आई.ई.सी. एवं आई.पी.सी सामग्रियाँ उपलब्ध कराना। • औषधियों, उपकरणों तथा अन्य संसाधनों की आपूर्ति शृंखला की निगरानी। • वीएचएसएनडी के क्रियान्वयन एवं इसकी निगरानी हेतु वित्तपोषण सहित पर्याप्त आपूर्तियों एवं अन्य संसाधनों की आपूति सुनिश्चित करना। • समयबद्ध समीक्षा/निगरानी करना तथा क्षेत्रीय पदाधिकारियों को सहायक पर्यवेक्षण उपलब्ध कराना।
ब्लॉक स्तरीय	
ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी (डी.एच.एफ.डब्ल्यू.), ब्लॉक सामुदायिक प्रेरक, चिकित्सा अधिकारी एवं मध्य स्तरीय स्वास्थ्य प्रदाता (एम.एल.एच.पी.) बाल विकास परियोजना अधिकारी (सी.डी.पी.ओ.) डी.डब्ल्यू.सी.डी/एस.डब्ल्यू.डी. ग्राम पंचायत/मण्डल समिति (पंचायती राज)	• सहायक पर्यवेक्षण योजना की रूपरेखा तैयार करना तथा सहायक पर्यवेक्षण उपलब्ध कराना। • औषधि एवं लॉजिस्टिक आपूर्ति शृंखला की निगरानी • संयुक्त निगरानी दौरे करना तथा आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्यवाही करना। • वीएचएसएनडी रिपोर्ट के आधार पर नियमित संयुक्त समीक्षाएँ संचालित करना। • वीएचएसएनडी हेतु सेवा प्रदाताओं की उपलब्धता की जाँच के लिए विभागों को तत्पर करना तथा किसी प्रदाता की अनुपस्थिति में अन्य प्रदाता को नियुक्त करना और उसकी पूर्व सूचना देना
क्षेत्र स्तरीय	
एचडब्ल्यूसी के मध्य स्तरीय स्वास्थ्य प्रदाता (एम.एल.एच.पी.) तथा एचडब्ल्यूसी टीम डी.एच.एफ.डब्ल्यू/एम.ओ (पी.एच.सी.) महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक (एल.एच.वी.)/पर्यवेक्षक (डी.एच.एफ.डब्ल्यू.) महिला पर्यवेक्षक (डी.डब्ल्यू.सी.डी./डी.एस.डब्ल्यू.) आशा कर्मी/पीएचसी आशा पर्यवेक्षक	• एम.ओ (पी.एच.सी.), डी.एच.एफ.डब्ल्यू का पर्यवेक्षकीय स्टाफ, डी.डब्ल्यू.सी.डी./आई.सी.डी.एस./डी.एस.डब्ल्यू. (एल.एच.वी./एल.एस./आशा फैसिलिटेटर/पी.एच.सी. आशा पर्यवेक्षक) एवं एच.डब्ल्यू.सी. टीम वीएचएसएनडी की गुणवत्ता की निगरानी करेगी और तकनीकी निर्देशन तथा सहायोगी पर्यवेक्षण उपलब्ध करायेगी।

07
प्रतिवेदन, निगरानी तथा समीक्षा

प्रतिवेदन

वीएचएसएनडी प्रतिवेदन के दो घटक हैं (i) संचालित सत्र का प्रतिवेदन, तथा (ii) प्रदत्त सेवाओं का प्रतिवेदन।

(i) वीएचएसएनडी प्रतिवेदन प्रत्येक माह के अन्त में एमपीडब्ल्यू–एफ (ए.एन.एम.) द्वारा तैयार किया जाता है। एम.पी.डब्ल्यू.–एफ (ए.एन.एम.) ब्लॉक के नोडल अधिकारी को प्रतिवेदन देंगे और इस प्रतिवेदन में एक माह में नियोजित वीएचएसएनडी की संख्या तथा आयोजित वीएचएसएनडी की संख्या शामिल होनी चाहिए। ब्लॉक का समेकित प्रतिवेदन प्रत्येक माह की 10 तारीख को जिला नोडल अधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किया जायेगा और जिले से राज्य के नोडल अधिकारी के पास प्रत्येक माह की 15 तारीख तक प्रस्तुत किया जायेगा।

(ii) प्रदत्त सेवाओं का प्रतिवेदन अपने नियमित चैनलों के माध्यम से एम.पी.डब्ल्यू.–एफ (ए.एन.एम.) एवं आँगनवाड़ी सेविका द्वारा प्रदान किया जायेगा। उन्हें निगरानी के लिए अन्य सूचकों सहित संदर्भन मामलों तथा छूटे मामलों का उल्लेख करना चाहिए। आई.सी.डी.एस. सी.ए.एस., ए.एन.एम. ऑनलाइन एप्लीकेशन जैसे नवीन तकनीक समर्थित समाधान रियल–टाइम डाटा संग्रहण के लिए उपयोग में लाये जा सकते हैं।

प्रतिवेदन सरलीकरण हेतु तकनीक

समेकित बाल विकास सेवाएँ (आई.सी.डी.एस) सामान्य एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर (सी.ए.एस)

आई.सी.डी.एस सी.ए.एस आँगनवाड़ी सेवाओं को सशक्त करने का एक मोबाइल एप्लीकेशन है। यह सूचना एक वेब–आधारित डैशबोर्ड पर रियल टाइम आधार पर राज्य एवं मन्त्रालय स्तर पर उपलब्ध है। सूचना का उपयोग निगरानी तथा तथ्य आधारित निर्णय लेने में किया जाता है।

अनमोल एप्लीकेशन

अनमोल एप्लीकेशन को समयबद्ध एवं सटीक रिकार्ड रखने तथा ससमे प्रतिवेदन करने के लिए ए.एन.एम के सहायक के रूप में डिजाइन किया गया है। अनमोल (ऑक्जिलरी नर्स कम मिडवाइफ ऑनलाइन) डाटा को रियल टाइम संग्रहीत करने के लिए ए.एन.एम हेतु एक टेबलेट–आधारित एप्लीकेशन है। यह एप्लीकेशन ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों प्रकार से कार्य करता है और कार्यक्षेत्र में निर्णय लेने तथा ग्राहक परामर्श में ए.एन.एम. को निर्देशित करने के सहायक का कार्य करता है। इस सिस्टम को सरकारी यूनिवर्सल आईडी डाटाबेस तथा रिप्रोडक्टिव चाइल्ड हेल्थ (आर.सी.एच.) पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है।

निगरानी एवं पर्यवेक्षण

वीएचएसएनडी की निगरानी निकटतम हेल्थ एवं वैलनेस केन्द्र (एच.डब्ल्यू.सी.)/पी.एच.सी. के एम.ओ./एम.एल.एच.पी., बाल विकास परियोजना अधिकारियों (सी.डी.पी.ओ.), महिला स्वास्थ्य निरीक्षक (एल.एच.वी.), आई.सी.डी.एस. महिला पर्यवेक्षक, ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर एवं स्वस्थ भारत प्रेरकों द्वारा की जायेगी। पार्टनर संस्थाऐं, शैक्षिक एवं अनुसन्धान संस्थानों से स्वतन्त्र गैर–विभागीय निगरानीकर्ताओं को भी शामिल किया जा सकता है। स्वास्थ्य एवं आई.सी.डी.एस द्वारा संयुक्त निगरानी को प्रोत्साहित किया जाता है। ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक, एन.एच.एम. अथवा कोई अन्य निर्दिष्ट अधिकारी ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पोषण दिवस का नोडल अधिकारी होगा। वीएचएसएनडी हेतु ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी (स्वास्थ्य) अपने सम्बद्ध पर्यवेक्षकों हेतु वीएचएसएनडी पर्यवेक्षण योजनाएँ तैयार करने के लिए अन्य समकक्ष विभागों के साथ समन्वयन करेगा। मासिक वीएचएसएनडी की निगरानी गतिविधियों के लिए स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए वैयक्तिक एवं संयुक्त निगरानी की योजना जिला नोडल अधिकारी के पास उपलब्ध होनी चाहिए।

वीएचएसएनडी निगरानी जाँच सूची परिशिष्ट 10 में उपलब्ध है। इस जाँच सूची में अवलोकन तथा रिकार्ड समीक्षा शामिल होती है। निगरानी जाँच सूची भर कर फीडबैक के साथ ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी (स्वास्थ्य) के पास प्रस्तुत करनी चाहिए।

समीक्षा प्रणाली

वीएचएसएनडी की परिचर्चा चिकित्सा अधिकारियों द्वारा प्रायोजित पी.एच.सी. स्तरीय बैठकों में मासिक रूप से की जानी चाहिए। ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी (स्वास्थ्य) परिचर्चा तथा निर्णयों हेतु संकलित रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे। जिला स्तर पर वीएचएसएनडी के क्रियान्वयन की समीक्षा मासिक रूप से सी.एम.ओ./सी.एस. द्वारा की जानी चाहिए। जिलाधिकारी को भी तीन माह में एक बार सी.एम.ओ./सी.एस. द्वारा प्रायोजित जिला स्वास्थ्य समिति की कार्यपालक समिति की बैठकों में पोषण अभियान सहित वीएचएसएनडी के क्रियान्वयन की समीक्षा करनी चाहिए। इन बैठकों में प्रगति की समीक्षा तथा विभिन्न हितधारकों के उत्तरदायित्व की निगरानी की जायेगी। वीएचएसएनडी की समीक्षा ब्लॉक एवं जिला स्तरों पर कन्वर्जेंस एक्शन प्लान के अनुरूप की जा सकती है।

राज्य स्तर पर स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग/समाज कल्याण विभाग संयुक्त रूप से ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पोषण दिवस की राज्य स्तरीय द्विवार्षिक समीक्षा करेंगे। अन्य हितधारक विभागों, गैर–सरकारी संगठनों (एन.जी.ओ.), विकास संस्थाओं को इन समीक्षाओं में आमन्त्रित करना चाहिए। विभिन्न स्तरों पर संचालित कार्यक्रम समीक्षा दिशानिर्देश तरोताजा करने व उनके प्रबलीकरण के सहित नवीन सूचना या सेवा जोडने का भी प्लेटफॉर्म होगा।

राष्ट्रीय स्तर पर वीएचएसएनडी को विद्यमान प्रणालियों जैसे सामान्य समीक्षा मिशन (सी.आर.एम.), संयुक्त समीक्षा मिशन (जे.आर.एम.) एवं सहयोगी पर्यवेक्षण दौरों में शामिल किया जाना चाहिए। इनके अतिरिक्त राज्य, जिला तथा ब्लॉक स्तर पर वार्षिक संयुक्त समीक्षाओं में अनुषंगी मन्त्रालय/विभाग वीएचएसएनडी को शामिल कर सकते हैं।

चित्र ३. वीएचएसएनडी का सहयोगी पर्यवेक्षण, अनुश्रवण एवं समीक्षा



08 वित्तीय प्रावधान

एन.एच.एम. के तहत अनेक बजट शीर्ष उपलब्ध हैं–प्रत्येक वीएचएसएनसी हेतु ₹10,000 का वार्षिक अबाधित राशि, आउटरीच गतिविधियों के लिए आर.सी.एच वित्त तथा उपकेन्द्र के लिए अबाधित वित्त।

इसके अतिरिक्त ग्रामीण विकास मन्त्रालय अथवा पी.आर.आई के तहत ग्राम संगठन (वी.ओ.) के पास वलनरेबिलिटी रिडक्शन फण्ड (वी.आर.एफ.) से वित्त प्राप्त किया जा सकता है।

09
परिणाम

दिशा निर्देशों के अनुसार नियमित रूप से वीएचएसएनडी के आयोजन से निम्नलिखित परिणाम प्राप्त होंगे:

- विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बच्चों तथा किशोरों हेतु सुरक्षात्मक तथा प्रोत्साहनात्मक हस्तक्षेपों का शत–प्रतिशत कवरेज
- संवेदनशील, सीमान्त तथा दुर्गम स्थानों की जनसंख्या का कवरेज सुनिश्चित करना।
- राष्ट्रीय रोग नियन्त्रण कार्यक्रमों के अंतर्गत सुरक्षात्मक एवं प्रोत्साहनात्मक कवरेज।
- स्वास्थ्य के निर्धारक जैसे पोषण, स्वच्छता, ससमय देखभाल आदि के विषय में जागरूकता में वृद्धि।
- विभिन्न पोषण, स्वास्थ्य तथा स्वच्छता कार्यक्रमों के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाओं तथा पात्रताओं के विषय में उन्नत ज्ञान।
- समुदाय की स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यकताओं के प्रति सरकार की प्रतिक्रियाशीलता बढ़ाने एवं उसकी जवाबदेही सुनिश्चित करने में समुदाय की भूमिका पर बल।

परिशिष्ट



स्वास्थ्य उपकेन्द्रीय मासिक वीएचएसएनडी योजना का प्रारूप

एमपीडब्ल्यू–एफ (ए.एन.एम.):		**उपकेन्द्र का नामः**				
चिकित्सा अधिकारी का नामः		**पी.एच.सी./सी.एच.सी./यू.पी.एच.सी. के नामः**				
महिला पर्यपेक्षिका (आइ.सी.डी.एस.) का नामः		**एल.एच.वी. के नामः**				
	गाँव 1	**गाँव 2**	**गाँव 3**	**गाँव 4**	**गाँव 5**	**गाँव 6**
तिथि						
वीएचएसएनडी स्थल का नाम (पता तथा लैण्डमार्क)						
अनुमानित जनसंख्या						
उच्च जोखिम का क्षेत्र हाँ/नहीं						
आँगनवाड़ी सेविका नाम एवं दूरभाष नम्बर						
आशा नाम एवं दूरभाष नम्बर						
पंचायती राज सदस्य नाम एवं दूरभाष नम्बर						
एम.पी.डब्ल्यू. (पुरुष) नाम एवं दूरभाष नम्बर						
स्कूल के अध्यापक नाम एवं दूरभाष नम्बर						
स्थानीय एस.एच.जी./एन.जी.ओ. नाम एवं दूरभाष नम्बर						
वैकल्पिक टीका वितरण कार्यकर्ता नाम एवं दूरभाष नम्बर						
रेफरल (सदर्भन) केन्द्र	पता तथा सम्पर्क सूचना					
हेल्थ एवं वैलनेस केन्द्र						
पी.एच.सी./सी.एच.सी.						
एन.आर.सी.						
आर.बी.एस.के. टीम						
डी.ई.आई.सी.						
स्वच्छता समन्वयक						

*यथासम्भव नियमित टीकाकरण माइक्रोप्लान का पूरक एवं समरेख होगा। इसके अतिरिक्त छितरी/सघन जनसंख्या वाले क्षेत्रों तथा नगरीय क्षेत्रों की आवश्यकतानुसार अतिरिक्त दैनिक टीकाकरण सत्र आयोजित किये जा सकते हैं, ये वीएचएसएनडी सत्रों के साथ या अलग से आयोजित हो सकते हैं।

परिशिष्ट 2

वीएचएसएनडी हेतु आपूर्ति एवं लॉजिस्टिक्स की सूची

औषधि, समग्री एवं जॉब एड्स (आई.ई.सी.)	उपकरण तथा फर्नीचर
• टेक होम राशन पैकेट • आई.एफ.ए. लाल टैबलेट • आई.एफ.ए. गुलाबी एवं नीले टैबलेट • आई.एफ.ए. सिरप • फोलिक एसिड टैबलेट • कैल्शियम–विटामिन डी3 टैबलेट • संचारी रोगों हेतु आशा किट–डायरिया, न्यूमोनिया, मलेरिया • कोट्रीमोक्साजोल टैबलेट • फोलिक एसिड टैबलेट • विटामिन ए सिरप 2 मिली चम्मच सहित • एलबेंडाजोल टैबलेट/सिरप • पैरासेटामोल टैबलेट • टीके वैक्सीन कैरियर में आइस पैक के साथ • निश्चय किट/गर्भजाँच किट • कंडोम • कम्बाइन्ड ओरल कंट्रासेप्टिव • आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियाँ • सेंटक्रोमैन (छाया) • परामर्श हेतु इंजेक्टेबल एमपीए • परामर्श हेतु आई.यू.सी.डी. सैम्पल (375 तथा 380ए) • किशोरियों हेतु सैनिटरी नैपकिन • जी.डी.एम स्क्रीनिंग हेतु 75 ग्राम ग्लूकोज • एम.सी.पी कार्ड • सुरक्षित मातृत्व पुस्तिका • रेफरल स्लिप • आई.एम.एन.सी.आई. प्रपत्र तथा चार्ट पुस्तिकाएँ • प्रासंगिक रजिस्टर • परामर्श उपकरण–जॉब एड्स, पोस्टर आदि परामर्श कैलेण्डर के अनुसार • ईट राइट (उचित आहार) टूलकिट	• वज़न मशीन वयस्क • वज़न मशीन बच्चों की • वज़न मशीन शिशुओं की • इन्फैन्टोमीटर • स्टैडियोमीटर • थर्मामीटर–डिजिटल • जेन्शियन वायलेट • बीपी उपकरण • स्टेथेस्कोप • परीक्षण मेज • परीक्षण मेज पर चढ़ने के लिए पायदान • मापक टेप • फेटोस्कोप • बी.एम.आई. चार्ट • डिजिटल इनवेसिव हीमोग्लोबिनोमीटर तथा पट्टियाँ • मूत्र जाँच किट/यूरोस्टिक्स पट्टियाँ • ग्लूकोमीटर • आवश्यकतानुसार सिरिंज–0.1 मिली/0.5 मिली ऑटो–डिसेबल (एडी) सिरिंज, 5 मिली डिस्पोजेबल सिरिंज • हब कटर • लाल एवं काला बैग • ए.ई.एफ.आई. किट/एनाफिलैक्सिस किट • एच.आई.वी. एवं हिपेटाइटिस बी प्वाइंट ऑफ केयर किट • सिफलिस प्वाइंट ऑफ केयर किट • मलेरिया आर.डी.के. किट • निजता की सुरक्षा हेतु पोर्टेबल स्क्रीन

नोटः टीकाकरण आपूर्तियों की मात्रा दैनिक टीकाकरण माइक्रोप्लान के अनुरूप होगी और अन्य सभी मदों की मात्राएँ वीएचएसएनडी की आवश्यकता के आधार पर संगणित की जा सकती हैं।

वीएचएसएनडी के दौरान होने वाली गतिविधियाँ

क्र.सं.	सेवा पैकेज	लक्षित समूह	सेवाएँ	परामर्शन के विषय/ पात्रताओं की सूचना
स्वास्थ्य				
